आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 31.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- इसरो ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से स्पेडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
- राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिये नामांकन की तिथि समाप्त। ग्यारह नगर निगमों के लिये एक सौ तीन प्रत्याशियों ने महापौर पद के लिए नामांकन किया।
- प्रदेश में निर्मित होने वाले नए राज्य अतिथि गृह, अति विशिष्ट अतिथियों के अलावा पर्यटकों को भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।
- केन्द्रीय वित्त मंत्री ने बजट पूर्व विचार–विमर्श के तहत उद्योग जगत, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आंध्रप्रदेश के श्री हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपना 'स्पेस डॉकिंग परीक्षण' स्पेडेक्स मिशन प्रक्षेपण यान पीएसएलवी–सी 60 से सफलतापूर्वक लॉन्च किया। चेजर के नाम से जाना जाने वाला एसडीएक्स–01 और टारगेट के नाम से जाना जाने वाला एसडीएक्स–02 जैसे दो उपग्रहों को 55 डिग्री झुकाव पर 470 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा में स्थापित किया जाएगा, जिसका स्थानीय समय चक्र लगभग 66 दिन का होगा। टारगेट और चेज़र दोनों उपग्रहों को दस से बीस किलोमीटर की दूरी पर एक ही कक्षा में स्थापित किया जाएगा। दोनों अंतरिक्ष यान संभवतः 7 जनवरी को अंतरिक्ष डॉकिंग प्राप्त करने की दिशा में निर्देशित होंगे। स्पेडेक्स स्पेस डॉकिंग प्रयोग की सफलता के बाद भारत विश्व का ऐसा चौथा देश बन जाएगा जिसके पास उपग्रह को निर्धारित कक्षा में पहुंचाकर उसे स्थिर रखने की क्षमता होगी। अपने आवश्यकता के अनुसार उपग्रह को अंतरिक्ष में रोके रखना और दो उपग्रहों के बीच समन्वय रखना इस मिशन का मुख्य उद्देश्य है। स्पेडेक्स मिशन कक्षीय डॉकिंग में भारत की क्षमताओं को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। इस मिशन के सफल समापन से अंतरिक्ष में जटिल संचालन करने की इसरो की क्षमता बढ़ेगी और भविष्य के अंतरग्रहीय मिशनों के लिए आधार तैयार होगा।

नगर निकाय चुनाव

राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिये नामांकन का अंतिम दिन कल समाप्त हो गया। नामांकन के आखिरी दिन बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने नामांकन किये। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्यभर के सभी ग्यारह नगर निगमों के लिये महापौर पर पर एक सौ तीन नामांकन प्राप्त हुये हैं। इसके अतिरिक्त, निकाय चुनाव में

पांच सौ उनासी प्रत्याशियों ने अध्यक्ष और और पार्षद–सभासद पदों के लिये पांच हजार आठ सौ चौदह नामांकन पत्र प्राप्त हुये हैं। आज और कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन वापस लेने का अंतिम तिथि दो जनवरी है। मतगदान बैलेट पेपर के माध्यम से 23 जनवरी को होंगे, जबकि परिणाम 25 जनवरी को घोषित किये जायेंगे।

निरीक्षण

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन– एन०एच०एम उत्तराखंड की मिशन निदेशक स्वाति एस. भदौरिया ने ऊधम सिंह नगर जिले की स्वास्थ्य इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय रुद्रपुर में विभिन्न वार्डों, एस.एन.सी.यू., लेबर रूम, इमरजेंसी, मैमोग्राफी, रेडियोलॉजी, और ओ.पी.डी. कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने डायलिसिस सेंटर का भी निरीक्षण किया, जहां हर महीने 700 से अधिक डायलिसिस किए जा रहे हैं। इस दौरान श्रीमती भदौरिया ने मुख्य चिकितसा अधिकारो को जिले की अन्य चिकित्सा इकाइयों में भी डायलिसिस सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की समस्या को हल करने के लिए टी–थ्री रणनीति– टेस्ट, ट्रीट एण्ड टॉक लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि एनीमिया जांच और उपचार स्थलों पर आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और गंभीर मामलों के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

समीक्षा

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने देहरादून में ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने तेजी से जटिल और विकसित हो रहे सुरक्षा वातावरण में ऑपरेशनल दक्षता और अनुकूलनशीलता बनाए रखने के विशिष्ट महत्व को सैनिकों से साझा किया। सेनाध्यक्ष ने भविष्य की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए उपकरणों के आधुनिकीकरण, प्रशिक्षण मानकों में सुधार और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सेना के चल रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान जनरल द्विवेदी ने सैनिकों के समर्पण और राष्ट्र के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की।

आर.बी.आई

भारतीय रिजर्व बैंक– आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर, श्री संजय मल्होत्रा ने 2025 में भारत के आर्थिक परिदृश्य के बारे में आशावादी दृष्टिकोण व्यक्त किया है। दिसंबर 2024 की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट–एफएसआर की प्रस्तावना में, श्री मल्होत्रा ने कहा कि मुद्रास्फीति घटने की उम्मीद है, जिससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और रिजर्व बैंक को आर्थिक गतिविधियों को समर्थन देने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024–25 की पहली छमाही में भले ही मंदी देखी गई, लेकिन उपभोक्ता और व्यवसायियों का विश्वास मजबूत बना हुआ है। 2025 में बडी कम्पनियां मजबूत वित्तीय आधार के साथ प्रवेश कर रही

हैं। हालाँकि, उन्होंने भौगोलिक–राजनीतिक जोखिमों, वित्तीय बाज़ार की अस्थिरता और उभरती प्रौद्योगिकियों के बारे में भी आगाह किया। एफएसआर ने भारत के वित्तीय क्षेत्र की मजबूती का भी उल्लेख किया।

चर्चा/निर्देश

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में व्यय वित्त समिति की बैठक में प्रदेश के विभिन्न निर्माण कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने राज्य में निर्मित होने वाले नए राज्य अतिथि गृहों को अति विशिष्ट अतिथियों के अलावा पर्यटकों को भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सरकारी भवनों को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में बनाने और जलापूर्ति योजनाओं में वॉटर रिसाइकलिंग को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी नए सरकारी भवनों में बेसमेंट पार्किंग की व्यवस्था की जाए।

बजट पूर्व परामर्श बैठक

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने नई दिल्ली में कल बजट पूर्व परामर्श के तहत छठीं बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में वित्त सचिव, आर्थिक कार्य मंत्रालय के सचिव, सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार तथा स्वास्थ्य और स्कूली शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पहले, वित्त मंत्री ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। वित्त वर्ष 2025–26 का केन्द्रीय बजट अगले वर्ष पहली फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है। वित्त मंत्री सीतारामन लगातार आठवीं बार बजट प्रस्तुत करेंगी।

शीतकालीन चारधाम यात्रा

शीतकालीन चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार बढोतरी हो रही है। चमोली जिले में स्थित शीतकालीन गद्दी स्थलों पर पिछले 10 दिनों में पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। इधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों से राज्य के सभी शीतकालीन यात्रा स्थलों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शीतलहर से बचाव के लिए प्रभावी उपाय करने और रैन बसेरों में ठहरने वालों को सभी आवश्यक सामग्री उपलबध कराने के निर्देश दिए हैं।
इस बीच, शीतकालीन चारधाम यात्रा को लेकर चमोली जिला प्रशासन ने परामर्श जारी किया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्द किशोर जोशी ने बताया कि शीतकालीन प्रवास स्थलों पर बर्फ पड़ने और शीत लहर के चलते यात्रियों को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से शीतकालीन यात्रा पर आने से पहले मौसम की जानकारी, ठण्ड में स्वास्थ्य देखभाल और यात्रा के दौरान गर्म कपडे व अन्य आवश्यक सामग्री साथ रखने की अपील की है।

स्वच्छता

चमोली जिले में स्वच्छता बनाए रखने के लिये प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में जिले में मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की बैठक में स्वच्छता से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान स्वजल, जिला पंचायत और पंचायत राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण के लिए कॉम्पेक्टर शेड की स्थापना पर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने गांवों से कूड़ा एकत्रित करने के लिए कूड़ा गाड़ियों का उपयोग करने और कूड़े को कॉम्पेक्टर शेड तक लाने के निर्देश दिए, ताकि ग्राम पंचायतों में कूड़े का उचित निस्तारण किया जा सके।

गंगा स्नान

सोमवती अमावस्या पर कल विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने हरिद्वार के हरकी पैड़ी सहित विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान किया। साल की अंतिम सोमवती अमावस्या पर कड़ाके की ठंड के बावजूद भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए हरिद्वार पहुंचे। पुलिस प्रशासन के अनुसार संध्या आरती तक हरिद्वार में साढ़े छह लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई।

और अब एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

उत्तराखंड में बीते रोज निकाय चुनावों के नामांकन का अंतिम दिन रहा... नामांकन की खबरों को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। इस ख़बर पर दैनिक जागरण लिखता है– नगर निकायों में महापौर व अध्यक्ष पदों के लिए 682 नामांकन। अमर उजाला लिखता है– टिकट बंटवारे को लेकर कांग्रेस में अंतर्कल।

प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश के बाद ठंड में इजाफा हो चुका है... ऐसे में शीतलहर से बचाव को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त निर्देश दिए है.. दैनिक जागरण का शीर्षक है– शीतलहर से बचाव के उपायों पर राज्य सरकार हुई सक्रिय।

महाकुंभ के लिए देहरादून से प्रयागराज तक चलेगी विशेष ट्रेन। इस ख़बर पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– कि 18 जनवरी से 23 जनवरी तक 6 फेरे लगाएगी विषेश ट्रेन, 13 जनवरी से प्रयागराज में शुरू होने जा रहा है महाकुंभ।

उत्तराखंड में नए साल के जश्न के मद्देनजर पुलिस प्रशासन सतर्क है... हिन्दुस्तान लिखता है– देहरादून–मसूरी नए साल के जश्न को तैयार, डायवर्ट रहेंगे कई रूट.. जश्न के दौरान हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी पुलिस, 36 जगहों पर एल्कोमीटर से होगी वाहन चालकों की जांच।

और पछवादून वासियों को कूड़े के ढेर से निजात मिलने वाली है... दैनिक ने लिखा है– चार माह के अंदर समाप्त हो जाएगा शीशमबाड़ा प्लांट में कूड़े का पहाड़।